हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 3.1 डिग्री

13 खो-खो में मदवि के खिलाड़ी छाए

14 जिप की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा


# रोहतक में सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे राज्य मंत्री अनूप धानक, गोहाना रोड पर गंदगी देखकर हुए नाराज


## ■ सीएम मनोहर लाल ने भेजा निरीक्षण पर ■ बोले-जब वे दोबारा निरीक्षण करने आएंगे तो नहीं मिलनी चाहिए गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रदेश श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक ने नगर निगम अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि शहर में कहीं भी गंदगी की समस्या नहीं मिलनी चाहिए। जहां सफाई नहीं हुई है वहां तत्काल सफाई करवाई जाएं। राज्य मंत्री बृहस्पतिवार दोपहर बाद रोहतक पहुंचे और शहर में अलग-अलग जगहों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरफ से उन्हें सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए भेजा गया है। अब जो कमी रह जाए उसे जल्द पूरा कर देना। इसके बाद वह खुद राज्य मंत्री के तौर पर निरीक्षण करने के लिए आएंगे। कहीं कोई कसर मत छोड़ देना। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए कि सफाई के मामले में निगम के अधिकारी लापरवाही न बरतें। हर वार्डों में गम्भीरता से सफाई व्यवस्था करवाई जाए। इस दौरान पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर सहित भाजपा के जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, संयुक्त आयुक्त नगर निगम विजय मलिक, मनोनित पार्षद अमित बंसल, राजकुमार सुनारियां समेत अन्य मौजूद रहे।

- ■ गोहाना रोड पर कृपाल आश्रम के पास गंदगी मिलने पर अधिकारियों को लगाई फटकार
- ■ पूर्व मंत्री ग्रोवर सहित वरिष्ठ अधिकारी व नेता रहे मौजूद


रोहतक। गोहाना रोड पर नाले का निरीक्षण करते राज्य मंत्री अनूप धानक।


रोहतक। पुरानी आईटीआई में निरीक्षण करते राज्यमंत्री।

### हर वार्ड में चलाया था सफाई अभियान

निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह के आदेशों पर टीमों ने हर वार्ड में सफाई अभियान चलाया था। इस दौरान ओल्ड आईटीआई मैदान से गंदगी उठाने के साथ साथ कन्हेली रोड, गोहाना रोड, हिसार रोड, जींद रोड, डीएलएफ कालोनी आदि एरिया में खाली प्लाटों से गंदगी उठवा कर चूना डलवाया गया। इसके अलावा वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान रोजाना फेंकने वाले कूड़े के अलावा सौ से ज्यादा ट्राली कूड़ा भिवानी रोड स्थित प्लांट में भिजवाया गया।

### भिवानी चुंगी से शुरू किया निरीक्षण

राज्य मंत्री दोपहर को भिवानी चुंगी पर पहुंचे, जहां मनोनित पार्षद अमित बंसल सहित भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने राजेंद्रा कालोनी में निरीक्षण किया। जहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। इसके बाद वह ओल्ड बस स्टैंड पर पहुंचे, जहां सफाई व्यवस्था को देखकर वह संतुष्ट हुए। फिर वह अधिकारियों के साथ ओल्ड आईटीआई मैदान का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां से हाल ही में कई ट्राली गंदगी उठवा कर भिवानी रोड स्थित प्लांट में भेजी गई थी। उन्होंने इसके बाद कन्हेली रोड, सर्किट हाउस के पास निरीक्षण किया और सफाई के आदेश दिए

### यहां नाले में गंदगी देखकर हुए नाराज

राज्य मंत्री निरीक्षण के दौरान गोहाना रोड पर कृपाल आश्रम के पास भी पहुंचे। जहां नाले में गंदगी मिली। कई जगह कूड़ा भी पाया गया। इसे देखकर मंत्री नाराज हुए और अधिकारियों को आदेश दिए कि इस जगह को साफ सुथरा किया जाए। लोगों को गंदगी की वजह से परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### पुल की जांच करवाने की मांग, मिला आश्वासन

इसके बाद उन्होंने पशु मेला मैदान से आगे सड़क पर निरीक्षण किया। यहां लोगों ने शिकायत दी कि यहा जमीन बार बार धंस जाती है। पुल का काम भी कभी शुरू हो जाता है तो कभी रूक जाता है। इसलिए इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। लोगों ने मंत्री से अनुरोध किया कि आप अधिकारियों से इस मामले में रिपोर्ट लें। राज्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि कार्रवाई होगी।

### कमी मिली तो कंपनी पर होगी कार्रवाई

राज्य मंत्री अनूप धानक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर हरियाणा के हर शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इस दौरान जहां कमियां पाई जा रही हैं, वहां सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। जिन कंपनियों के पास सफाई के ठेके हैं, कमी मिलने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे जीवन का अहम हिस्सा है जिससे काफी बीमारियों से निजात पाई जा सकती है। इसलिए हम सबको मिलकर अपने आसपास गली मोहल्लों, सड़कों और गांवों में भी सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना होगा। उन्होंने विपक्ष के उस आरोप को खारिज कर दिया जिसमें विपक्ष कह रहा है कि विधानसभा में उनकी आवाज को दबाया जा रहा है, उन्होंने कहा की विधानसभा में सब की आवाज सुनी जाती है विपक्ष का काम केवल आरोप लगाना है।

## शहर में आज

- ⏭ इंडिया गठबंधन मानसरोवर पार्क से लेकर अंबेडकर चौक तक सांसदों के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन करेगा सुबह 11:30 बजे
- ⏭ कैनाल रेस्ट हाउस में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के उपलक्ष में भाजपा के 12 मंडलों के संयोजकों और सहसंयोजकों की बैठक सुबह 10 बजे
- ⏭ विकसित भारत संकल्प यात्रा वार्ड-17 के हिसार रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचेगी दोपहर 2 से 5 बजे तक
- ⏭ परिवार पहचान पत्र के शुद्धिकरण के लिए वार्ड और गावों में शिविर लगेंगे
- ⏭ श्री राम रंगशाला में गीता महोत्सव सुबह 10.30 बजे से
- ⏭ मानसरोवर पार्क पर माकपा प्रदर्शन करेगी सुबह 11 बजे
- ⏭ राजीव गांधी विद्युत भवन में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं जाएंगी सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक

## बिजली कट

- ⏭ सुबह 11 से 2 बजे तक : कमला नगर, शीतल नगर, न्यू विजय नगर, विजय नगर, झज्जर चुंगी, शिवाजी कॉलोनी, काठ मंडी, नया पड़ाव, टेक नगर, जनता कॉलोनी, काठ मंडी रामनगर, जागरण पार्क, हकीकत नगर, सोनू की डेयरी, सरस्वती स्कूल, रुपया चौक, इंदर नगर, सुनारिया गांव, कन्हेली गांव, आरटीओ ऑफिस, मायना गांव, पहरावर गांव, डब्ल्यूटीपी आदि में बिजली बंद रहेगी

# पीजीआई और नागरिक अस्पताल में 28 को दो घंटे हड़ताल पर रहेगा नर्सिंग स्टाफ

हरिभूमि न्यूज रोहतक

नर्सिंग स्टाफ का आंदोलन अब तेज होगा। पीजीआई में हुई गेट मीटिंग के दौरान हड़ताल का फसला ले लिया गया है। 28 दिसंबर को पीजीआई और सिविल अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ सुबह 10 से 12 बजे तक हड़ताल पर रहेगा। इस दौरान केवल इमरजेंसी में स्टाफ तैनात रहेगा जबकि वार्डों में और अन्य स्थानों पर स्टाफ हड़ताल में शामिल होगा। नर्सिंग एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि सरकार ने 28 तक मांगें नहीं मानी तो हड़ताल अनिश्चितकालीन कर दी जाएगी। इस संबंध में कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना को ज्ञापन भी सौंप दिया गया है। बृहस्पतिवार को पीजीआई के विजय पार्क में गेट मीटिंग करके नारेबाजी की गई। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि हरियाणा सरकार के कानों पर कर्मचारियों की मांगों को लेकर जूं तक नहीं रेंग रही। हम मरीज के हित में पूरी हड़ताल पर नहीं जाना चाहते, क्योंकि इससे प्रदेश भर के मरीजों के सामने समस्या पैदा हो जाएगी। हमारे इस स्वभाव को सरकार ने शायद हमारी कमजोरी समझने की भूल कर ली है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग एसोसिएशन किसी भी हाल में अब अपनी मांगों को पूरा करवाए बिना पीछे हटने वाली नहीं। सरकार चाहे अब एस्मा लगाए या कोई अन्य विकल्प चुने अब किसी भी हाल में नर्सिंग एसोसिएशन पीछे नहीं हटेगी।

- ■ पीजीआई के विजय पार्क में गेट मीटिंग करने के बाद की नारेबाजी


रोहतक। मांगों को लेकर नारेबाजी करता नर्सिंग स्टाफ।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से पीछे नहीं हटेंगे



विकास फौगाट ने कहा कि विजय पार्क में हुई गेट मीटिंग के दौरान सैकड़ो नर्सिंग स्टाफ एकत्रित हुए जिन्होंने पूरे प्रदेश की नर्सिंग एसोसिएशन से बात करके फैसला लिया कि 28 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि 28 दिसंबर को भी सरकार ने कोई उनकी मांगों को लेकर फैसला नहीं लिया तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जाने से पीछे नहीं हटेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# पिलाना में किसान की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलानौर

थाना कलानौर क्षेत्र के गांव पिलाना में बुधवार देर रात ट्यूबवेल के बिजली कनेक्शन को लेकर दो परिवारों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े में 40 साल के व्यक्ति सुभाष की पीट-पीट की हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पिलाना निवासी सुभाष के परिजनों ने बताया कि उनका हुकम सिंह के परिवार के बीच ट्यूबवेल के बिजली कनेक्शन को लेकर विवाद चल रहा है। इस बात को लेकर बुधवार को दिन में खेत में विवाद हो गया। उस समय तो बीच बचाव हो गया, लेकिन घर आने के बाद देर रात करीब 8 बजे दूसरे पक्ष के चार लोगों ने सुभाष को घेर लिया। लाठी-डंडों के अलावा लोह की रॉड और डंडों से हमला बोल दिया। हमले में सुभाष बेहोश हो गया, उसने बचाने के लिए भतीजा कपूर सिंह उर्फ विक्की पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। गांव वालों को एकजुट होता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। आनन फानन में घायल सुभाष को कलानौर नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई के शवगृह में रखवाया गया है। कपूर सिंह उर्फ विक्की ने बताया कि पिटाई के समय उसने बीच-बचाव किया, लेकिन आक्रोश में आकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस में सुबह शिकायत दी है । फिलहाल आरोपी फरार है । पुलिस ने भरोसा दिया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार होंगे। कपूर ने बताया कि 40 वर्षीय सुभाष किसान हैं, उन्होंने शादी न हीं की थी। मौके पर घटना की सारी जानकारी पुलिस को दे दी गई थी। हमें न्याय चाहिए और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए।




- ■ ट्यूबवेल के कनेक्शन को लेकर चल रहा था झगड़ा
- ■ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू

### मामले में बयान दर्ज

मामले की जानकारी मिली थी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर पीड़ितों के बयान दर्ज करा लिए हैं। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। टीम गठित कर दी गई है
-इंस्पेक्टर देशराज, प्रभारी थाना

## आखिर किसका है ये कटा हुआ पंजा

रोहतक। पंडित नेकीराम कॉलेज के पास मानव का कटा हुआ पंजा मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास के दुकानदारों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने पंजे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल एक कुत्ता दोपहर के समय कहीं से किसी व्यक्ति का कटा हुआ पंजा लेकर नेकीराम कॉलेज के पास पहुंच गया। कुत्ता इसे कहां से लेकर आया यह रहस्य बना हुआ है, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि यह कटा हुआ पंजा आखिर है किसका। पंजे की हालत ऐसी भी नहीं है कि वह गला सड़ा हो, फिलहाल पुलिस गहनता से जांच कर रही है। कुत्ते के पंजे लेकर पहुंचने पर दुकानदारों में हड़कंप मच गया।



- ■ नेकीराम कॉलेज के पास कुत्ता लेकर आया, दुकानदारों से पुलिस बुलाई

## हथियारबंद युवकों ने गाड़ी लूटी

रोहतक। गोहाना रोड पर दो युवकों ने रास्ता पूछने के बाहने हाथियार के बल एक युवक से गाड़ी छीनकर मौके से फरार हो गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### ये था मामला

पुलिस को दी शिकायत में गांव बहुअकबरपुर निवासी सचिन ने बताया कि मेरा चाचा देवेंद्र का पोजीट्रोन अस्पताल में इलाज चल रहा है। 20 दिसंबर को अपने चाचा देवेंद्र से मिलने के लिए अस्पताल में मेरे चाचा नरेन्द्र की कार लेकर आया था। इसके बाद अपने चाचा देवेंद्र से मिलकर अस्पताल से अपने घर जा रहा था तो उसी समय मेरी पत्नी का फोन आ गया तो मैंने अपनी कार को सेक्टर-4 मोड बोहर गोहाना रोड पर साइड में लगाकर फोन सुनने लगा तो दो युवकों हथियार दिखाकर गाड़ी छीन ली और महम की तरफ गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### यूजी, पीजी व इंजीनियरिंग की परीक्षाएं एक जनवरी से

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूजी, पीजी और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की जनवरी 2024 की परीक्षाएं 1 से 15 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक डा. बीएस सिन्धु ने बताया कि परीक्षाओं संबंधित विस्तृत ब्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला काबू

रोहतक। पुलिस ने वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 51 हजार रुपये से ज्यादा की ठगी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सदर मुरारी लाल ने बताया कि 1 अक्टूबर को गांव खिड़वाली निवासी श्रवण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि श्रवण के पास 8 सितंबर को वाट्सएप पर वीडियो कॉल आई। जिसमें एक आपत्तिजनक अवस्था में लड़की दिखाई दी। श्रवण ने तुरंत फ़ोन कट कर दिया। दो दिन बाद श्रवण के पास एक अन्य नवंबर से काल जिसने अपना नाम राहुल शर्मा बताया व साइबर थाना से बोल रहा है। राहुल ने श्रवण को खाता नंबर देते हुए कहा कि उसकी एक वीडियो वायरल हो चुकी है। जिसके लिए 29 हजार रुपये जमा कराए। श्रवण ने खाते में पैसे जमा करा दी है। मामले में पुलिस ने कैथल के अमित को गिरफ्तार किया है।

# एक्सईन ने एक उपभोक्ता का 47 किलोवाट लोड नहीं बढ़ाया, दूसरे का बढ़ा दिया 100 वाट, निलंबित

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

हरियाणा बिजली वितरण निगम रोहतक के तत्कालीन कार्यकारी अभियंता महताब सिंह को मुख्यमंत्री ने निलंबित कर दिया है। अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने एक उपभोक्ता का इलेक्ट्रिक लोड 201 से 248 किलोवाट नहीं किया था। अभियंता पर कार्रवाई इसलिए की गई उन्होंने फाइल की सीनियर भी तोड़ी। जिस उपभोक्ता ने लोड बढ़ाने के लिए बाद में आवेदन किया, उनका तो 100 किलोवाट तक लोड बढ़ा दिया।

जबकि एक्जूक्टिव इंजीनियर ने 47 किलोवाट लोड नहीं बढ़ाया। 47 किलोवाट की बजाय 100 किलोवाट कैसे बढ़ाया गया, इस पर सरकार ने सवाल खड़े किए हैं।

■ जांच के बाद कार्रवाई, अधिकारी इस समय करनाल में तैनात

## सीएम विंडो पर शिकायत के बाद एक्शन में सरकार

### एसई ने की थी मामले की जांच

कार्यकारी अभियंता महताब सिंह की शिकायत सीएम विंडो पर हुई तो सरकार ने मामले की जांच हरियाण बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता मनिंद्र कादयान को सौंपी। इन्होंने जांच में पाया कि कार्यकारी अभियंता ने निगम के नियमों की अनजाने में अवेहलना नहीं की, बल्कि पक्षपात का रवैया बिजली उपभोक्ता अरविंद के साथ अपनाया। जिसकी वजह से अरविंद को कई लाख जुर्माना अदा करना पड़ा। बताया जा रहा है कि काफी दिन अरविंद जुर्माना माफ करवाने के लिए अधिकारियों के यहां अनुरोध करता रहा। लेकिन अफसर जुर्माना माफ नहीं कर सकते थे। इसके बाद उन्होंने सीएम विंडो पर मामले की शिकायत की। बताया जा रहा है कि कार्यकारी अभियंता के महताब सिंह के निलंबन ऑर्डर देर रात तक बिजली वितरण निगम रोहतक के अधिकारियों के पास नहीं पहुंचे थे।

### व्यक्तिगत रूचि लेकर बढ़ाया

47 किलोवाट लोड बढ़ाने में कोई तकनीकी फेरबदल भी कार्यकारी अभियंता ने नहीं करना था। जबकि 100 किलोवाट में बढ़ाने के लिए टेक्निकल अड़चने भी कार्यकारी अभियंता ने दूर की। ध्यान ये भी रहे कि निलंबित अभियंता महताब सिंह इस समय मुख्यमंत्री मनोहरलाल के जिले करनाल में ही तैनात हैं। एक्सईन के अलावा तत्कालीन सब डिविजन अधिकारी जितेंद्र कुमार (ऑपरेशनल) को भी निलंबित किया है। साथ ही उक्त दोनों अधिकारियों के विरुद्ध नियम-7 के तहत विभागीय कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## ये था मामला

सीएम विंडो पर एचएसआईआईडीसी, कुताना हिसार रोड के अरविंद ने उसकी कम्पनी के जनवरी, 2023 के बिजली बिल के साथ लोड ज्यादा यूज करने के कारण चार्जस लग कर आने की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायतकर्ता ने बिजली के लोड बढ़वाने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया था। और कई बार उप मण्डल अधिकारी व कार्यकारी अभियंता से मिलने के बाद भी अपने आवेदन की स्थिति के संबंध में कोई जवाब नहीं मिला। तत्पश्चात शिकायतकर्ता को बताया गया कि बिजली निगम पर लोड उपलब्ध नहीं है, जिसकी वजह से लोड नहीं दिया गया है। जबकि कार्यकारी अभियंता ने उनके आवेदन को अंडर प्रोसेस करके किसी दूसरी कम्पनी के आवेदन को स्वीकृत करके उन्हें बिजली का अतिरिक्त लोड दे दिया है। इस कारण से शिकायतकर्ता अरविन्द को पिछले 5 महीने से ओवर लोड चार्जिस का भुगतान करना पड़ा।

# शिक्षक संघ के हरिओम प्रधान और बनी सिंह उपप्रधान बने




रोहतक राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड कलानौर की कार्यकारिणी का चुनाव वीरवार को हुआ। पर्यवेक्षक जिला वरिष्ठ उप प्रधान संदीप दहिया, जिला महासचिव संजय चोपड़ा, जिला प्रधान रामराज काद्यान, जिला कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा की उपस्थिति में चुनाव राजकीय प्राथमिक पाठशाला कलानौर कलां में संपन्न हुआ। इस दौरान हरिओम लगातार प्रधान चुने गए। राज्य ऑडिटर ललित कुमार व सांपला ब्लॉक प्रधान विजय कुमार ने बताया कि ब्लॉक प्रधान के पद पर हरिओम लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से प्रधान चुने गए हैं। इसके अलावा उप प्रधान बनी सिंह, सचिव कृष्ण कटेसरा, सह सचिव महावीर सिंह और कोषाध्यक्ष के पद पर सतपाल का चुनाव किया गया। शिक्षकों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी। नई कार्यकारिणी ने शिक्षकों और विद्यार्थी हितों के लिए संघर्ष करने का आश्वासन दिया। इस पर अवसर पर जिला सचिव जितेंद्र खरब, राज्य शिक्षक अवॉर्डी जापान सिंह, जिला प्रधान मनोज हुड्डा, जिला आडिटर राजेश कुमार, हरपाल, पवन, सुभाष, चांद राम, हरी चंद, अनिल, नरेश, प्रवीन, गुलाब सिंह, राजेश चौहान, नरेश, ओमप्रकाश व अन्य मौजूद रहे।

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

बच्चों, लीगो के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



अमेरिका में मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



स्पेन के मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



कनाडा के पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका



अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री



न्यूजीलैंड के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *

## फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



ब्राजील की राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

---

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

# सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

---

छोटी कहानी / विनीता

# हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *

---

कविता / प्रकाश मनु

# क्रिसमस की ये शाम



हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

---

## रंग भरो-140

रंग भरो-140 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर



रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा



निरीक्षा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली

## रंग भरो 141

बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग,पश्चिमि दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

## खबर संक्षेप

### पीपीपी आंकड़ों में त्रुटि के लिए लगेंगे शिविर

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने बताया कि परिवार पहचान पत्र के आंकड़ों में शुद्धिकरण के लिए 22 से 25 दिसंबर तक गांव व वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन दौरान परिवार पहचान पत्र में जन्मतिथि सत्यापन, डाटा से संबंधित बिन्दु, हस्ताक्षर बिना अपडेट किया गया दस्तावेज, असत्यापित वैवाहिक स्टेटस, एकल सदस्य व अन्य लंबित बिन्दुओं का निपटारा किया जायेगा।

### कलाकार सदाराम ने की मेयर को पेंटिंग भेंट

**रोहतक।** पेंटिंग कलाकार सदाराम ने मेयर मनमोहन गोयल से मुलाकात कर उन्हें एक पेंटिंग भेंट की। बता दें कि 71 वर्षीय कलाकार सदाराम अब तक लगभग 700 पेंटिंग बनाकर राष्ट्रीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को भेंट कर चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, ज्ञानी जैल सिंह, पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया, बाबू परमानंद, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को पेंटिंग बना कर भेंट की है।

### आईटीआई में एड्स जागरुकता कैंप लगाया

**रोहतक।** राजकीय आईटीआई किलोई में सामान्य अस्पताल रोहतक की टीम द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता कैम्प लगाया है। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि किस तरह यह बीमारी फैलती है और किस तरह के लक्षण इस बीमारी में होते हैं। साथ ही ये भी इस बीमारी से कैसे बचा जा सकता है।

### लीला होटल ने एमडीयू में प्लेसमेंट ड्राइव किया

**रोहतक।** मदवि के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में वीरवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित द लीला होटल के प्रतिनिधियों ने विजिट की। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए द लीला होटल के अधिकारियों का अभिनंदन किया।

# छाए एमडीयू के खिलाड़ी, खो-खो में रनर्स अप ट्रॉफी जीती

- फुटबॉल में एमडीयू ने एमएलएस यूनिवर्सिटी उदयपुर को परास्त करके प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

खेल की दुनिया में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने वीरवार को अपना लोहा मनवाया। खो-खो में प्लेयर ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी और पीयू चंडीगढ़ को हराकर नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी में रनर्स अप ट्रॉफी पर कब्जा किया। फुटबॉल में एमडीयू ने एमएलएस यूनिवर्सिटी उदयपुर को परास्त करके प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। इधर फगवाड़ा में होने वाली ताइक्वांडो स्पर्धा में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को रवाना हुए।

**खो-खो:** नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो खो प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा पंजाब द्वारा किया गया। में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की महिला खो खो टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम ने दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली की टीम को हराकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया। लीग मैच में खेले गए मुकाबलों में एमडीयू ने कुरुक्षेत्र को 9-2 से और पी यू चंडीगढ़ को 9-1 से हराकर द्वितीय स्थान हासिल किया।

**फुटबॉल:** एमडीयू की फुटबॉल टीम ने एमएलएस यूनिवर्सिटी उदयपर को 4-2 से हराया। जेएनए फगवाड़ा पंजाब में आयोजित नॉर्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में पहले हाफ में एमडीयू 2 गोल से पीछे थी। लेकिन दूसरे हाफ में वीर गहलोत ने 2,अश्वनी और हिमांशु ने 1,1 गोल दागकर एमडीयू को जिताया। कैप्टन निशांत सैनी ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी। और कहा कि खिलाड़ी ऐसे ही पूरे हौंसले के बढ़त बनाए रखें। सहायक प्रशिक्षक सुरेश राठी ने बताया कि शुक्रवार का मैच ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई के लिए खेला जाएगा।

## फुटबॉल में भी विरोधी टीम को दी मात

### नॉर्थ ईस्ट जॉन इंटर यूनिवर्सिटी के लिए टीम रवाना

टीम रवानाः महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से वीरवार को ताइक्वांडो महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम नॉर्थ ईस्ट जॉन इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेने के लिए लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा के लिए रवाना हुई। जिसको यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो राजबीर सिंह और कुल सचिव प्रो गुलशन लाल तनेजा ने बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। ताइक्वांडो कोच अशोक कुमार ने बताया कि टीम में 16 पुरुष और 16 महिला शामिल हैं।







### ताइक्वांडो की टीम चैंपियनशिप के लिए रवाना

**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से वीरवार को ताइक्वांडो महिला और पुरुष वर्ग की टीम नॉर्थ ईस्ट जॉन इन्टर यूनिवर्सिटी जो लवली प्रोफaशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में होने वाले है के लिए रवाना हुई। जिसको यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और कुल सचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने टीम को शुभकामनाएं दी हैं। खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने सभी खिलाड़ियों को जीतने के लिए प्रेरित किया। यूनिवर्सिटी के ताइक्वांडो कोच अशोक कुमार ने बताया कि इस टीम में 16 पुरुष और 16 महिला खिलाड़ी एमडीयू की ओर से भाग लेंगे।

## कैफे का लाइसेंस व परमिट नहीं दिखा पाया बार संचालक

# सीएम फ्लाइंग का हुक्का बार पर छापा, कैफे संचालक पर केस

### सीएम फ्लाइंग से एसआई रामनिवास के नेतृत्व में टीम यहां पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सीएम फ्लाइंग की टीम ने बृहस्पतिवार को शीला बाइपास स्थित जसवीर कॉलोनी में चल रहे हुक्का बार पर छापेमारी की। यहां पर गैरकानूनी गतिविधियां मिली। इस पर पुलिस की ओर से केस दर्ज किया गया। टीम की ओर से सबसे पहले हुक्का बार पर छापेमारी की गई। वहीं, सीएम फ्लाइंग की इस कार्रवाई से कैफे संचालकों में हड़कंप मचा रहा। सीएम फ्लाइंग से एसआई रामनिवास के नेतृत्व में टीम यहां पहुंची। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि शीला बाइपास के पास कैफे में नशीला व जहरीला तंबाकू वाला हुक्का और शराब पिलाकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पर टीम पुलिस को साथ लेकर वहां पर पहुंचकर छापेमारी की। एसआई रामनिवास ने बताया कि कैफे को लेकर लाइसेंस व परमिट मांगा, मगर वह कुछ नहीं दे पाया। इस मौके पर ही कैफे संचालक आशीष गिल के खिलाफ खिलाफ केस दर्ज किया गया। वहीं, मौके पर मिले सामान को भी जब्त किया गया है।



सीएम फ्लाइंग हुक्का बार पर छापेमारी करती।



### पुलिस को देख भागे कुछ युवक

वहां पर पुलिस को देखकर कुछ युवक तो फरार हो गए। कैफे मालिक आशीष गिल मौके पर मिला। कैफे को चेक करने पर 4 हुक्के, 5 चिलम, कोयला गर्म करने के तीन हीटर, 6 हुक्का पाइप, 2 चिमटे, 1 पैकेट कोयला, 11 पीस व 5 डिब्बी अलग-अलग फलेवर तंबाकू प्रत्येक में 50-50 ग्राम डिब्बी पर लिखा हुआ है।

वहीं, 2 पैकेट पान रास अफजल, 2 पैकेट गुंडी पान, 1 पैकेट मिंट, 2 डिब्बी प्लास्टिक अलखलील (दुबई स्पेशल) 100 ग्राम लिखा हुआ मिला है। साथ ही तंबाकू को डिब्बियों में से निकालकर चैक किया गया तो कुल वजन 250 ग्राम मिला तथा डिब्बियों पर निकोटिन 0.5 प्रतिशत लिखा हुआ मिला।

इन पर किसी तरह की कोई चेतावनी नहीं लिखी हुई थी। आरोप है कि कैफे संचालक द्वारा हुक्का पिलाकर व बिना चेतावनी के तंबाकू के पैकेट रखकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इस पर कैफे संचालक के खिलाफ संबंधित अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया।

# पांच माह से नहीं मिला वेतन, धरना

- वैश्य तकनीकी संस्थान रोहतक के ठेका कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

वैश्य तकनीकी संस्थान में सिटाडेल सिक्योरिटी सर्विस के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों ने पांच महीने से वेतन न मिलने से परेशान होकर वीरवार को धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सभी भिन्न-भिन्न पदों पर काफी समय से सेवा दे रहे हैं, लेकिन पिछले 5 महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिस वजह से सभी कर्मचारियों को घर का खर्च चलाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह में उन्हें वेतन नहीं दिया गया तो वे अनिश्चितकालीन धरना देने पर मजबूर होंगे। शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने कहा कि वेतन न मिलने से घर का किराया, बच्चों की स्कूल फीस व रोजमर्रा के घर खर्च प्रभावित हो रहे हैं। लंबित वेतन के लिए कर्मचारी ठेकेदार, संस्थान के प्रिंसिपल एवं वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारियों से भी मिल चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।



### चार महीने का वेतन जारी करने की मांग

वहीं वैश्य महिला महाविद्यालय में एसएफएस कर्मचारियों का वेतन भी चार महीने से नहीं मिला है। इसी के विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने वीरवार को कॉलेज परिसर में धरना दिया। इस दौरान सभी ने जल्द से जल्द वेतन दिए जाने की मांग की। सभी ने एकजुट होकर कहा कि वेतन ने मिलने के चलते वित्तीय संकट हो गया है, जिससे बुनियादी जरूरतों और दायित्वों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो गया है।



## क्रिसमिस डे के अवसर पर राजेश जैन के घर पहुंचे चर्च के फादर

रोहतक

क्रीसमिस के अवसर पर सेक्टर-1 स्थित एलपीएस हाउस में समाजसेवी राजेश जैन के निवास स्थान पर महावीर पार्क के समीप स्थित चर्च के फादर एँगस्टीन व चर्च के सदस्य पहुंचे। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि वहां फादर और सदस्यों द्वारा यीशु से प्रार्थना की व फादर के द्वारा भगवान यीशु से सुख शांति की कामना की। बच्चों ने सेंटाक्लॉज के साथ सेल्फी लेकर खूब आनंद उठाया। राजेश जैन ने कहा कि क्रिसमिस ईशा मसीह या भगवान यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। यह पर्व देश व विदेशों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों ने रंग बिरंगा सैंटा ट्री बनाया हुआ था, जिसमें रंग बिरंगी लाइट लगी हुई थी और उसको गिफ्ट के साथ सजाया गया था। इस अवसर पर स्मृद्धि जैन, उमा शर्मा, यशिका जैन, शिम्पी जैन, शीतल शर्मा, शेखर शर्मा, कोमल शर्मा, स्वास्तिका जैन, सन्नी निझावन, राजीव जैन, शीतल आदि उपस्थित रहे।



# समस्याओं के सामधान को हर जिले में निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम करता है ईपीएफओ

- 27 दिसम्बर को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत आने वाले रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, हिसार सिरसा, फतेहाबाद व जींद जिले के मुख्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के रोहतक स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अलोक कुमार ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) हर महीने की 27 तारीख को पीएफ से सम्बंधित सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर जिले में निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन करता है।

इसी के तहत 27 दिसम्बर को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत आने वाले रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद व जींद जिले के मुख्यालयों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान ईपीएफओ कार्यालय के अधिकारियों की ओर से पीएफ, पेंशन एवं कर्मचारी बीमा से जुड़ी सभी समस्यओं को सुना जायेगा। इसके अतिरिक्त पीएफ बैलेंस की जानकारी, बंद हुआ अकाउंट, नियोक्ता और कर्मचारी के बीच विवाद या फिर ईपीएफ योजना के तहत किसी तरह की समस्या का निवारण किया जायेगा है और समाधान के बारे में समुचित जानकारी भी दी जाएगी।

### 27 दिसम्बर को इन स्थानों पर निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का होगा आयोजन

- भिवानी — आर्य वरिष्ठ सेकेंडरी स्कूल, वीपीओ ढिगावा, मंडी तहसील लोहारू, भिवानी
- चरखी दादरी — वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नजदीक पुरानी अनाज मंडी, मेन बाजार, चरखी दादरी
- फ़तेहाबाद — बो रतिया, समग्र शिक्षा, मिनी सचिवालय चरण 2, फतेहाबाद
- हिसार — सीआर पब्लिक स्कूल, राजगढ़ रोड, हिसार
- झज्जर — कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज, एकेएम टावर, प्लॉट नंबर जीआर-18बी/2, पहली मंजिल, गणपति धाम औद्योगिक क्षेत्र, जिला, बहादुरगढ़, झज्जर
- जींद — काली राम डीएवी पब्लिक स्कूल, सफीदों, जींद
- रोहतक — सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल गौकरण रोड, शोरा कोठी, नेहरू कॉलोनी, रोहतक
- सिरसा — जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, हिसार-सिरसा रोड, सिरसा



## एमडीयू पहुंचा उज्बेकिस्तान का शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल

**रोहतक।** उज्बेकिस्तान का एक शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के दौरे पर पहुंचा। इस शैक्षणिक दल ने विश्वविद्यालय परिसर की विजिट की तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह से औपचारिक भेंट की। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू हरियाणा का ही नहीं, पूरे भारत का अग्रणी विश्वविद्यालय है। उज्बेकिस्तान के इस शैक्षणिक संस्थान के साथ भविष्य में शैक्षणिक आदान-प्रदान तथा अन्य संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने बारे विस्तृत चर्चा कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने की। एमडीयू के डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवानी एमडीयू फैकल्टी हाउस में की। निदेशक आईएचटीएम तथा एमडीयू के मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी प्रो. आशीष दहिया साथ रहे। इस दल में प्रमुख रूप से उज्बेकिस्तान के नामांगन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी की विभागाध्यक्षा डॉ. खोसी मोवा दिलदौरा तथा खुशया नोवा मुनीशा, इब्रागी मोवा रायहोना तथा तुराक्षा नोवा खोशियात शामिल रहे। उज्बेकिस्तान के इस शैक्षणिक दल ने विश्वविद्यालय के विवेकानंद पुस्तकालय का दौरा किया, जहां लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक ने पुस्तकालय की कार्य प्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं बारे जानकारी दी। इसके अलावा इस टीम ने आर्यभट्ट सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन लैबारेट्री की विजिट की। डी रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. अरूण नंदा ने इस प्रयोगशाला समेत विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों की जानकारी साझा की। डीन, एकेडमिक एफेयरस प्रो. सुरेंद्र कुमार ने एमडीयू की शैक्षणिक उपलब्धियों बारे बताया।

# महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

- कांग्रेस नेताओं को उपराष्ट्रपति पद की गरिमा का भी ख्याल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महम

महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसान मोर्चा के आह्वान पर शहर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शव यात्रा निकाली। उनके खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और बाद में भिवानी स्टैंड पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सचिव तकदीर खरकड़ा के नेतृत्व में किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

तकदीर खरकड़ा ने बताया कि कल संसद भवन के बाहर विपक्षी सांसदों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाया वहीं टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति की मिमिक्री की गई, जिसकी वीडियो खुद राहुल गांधी बना रहे थे। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का मजाक उड़ाना देश का मजाक उड़ाने के बराबर है। तकदीर खरकड़ा ने कहा कि कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों के नेताओं को उपराष्ट्रपति पद की गरीमा का भी ख्याल नहीं है। संसद भवन में हुए इस घटनाक्रम पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के सभी सांसदों को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। देश की जनता इसे सहन नहीं करेगी।



**महम।** कस्बे के भिवानी स्टैंड पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सोनू जांगड़ा, लीलू ,संजीत ग्रेवाल, अनिल,सुभाष, राकेश , धोला, अशोक, राजेंद्र, नसीब, मंडल अध्यक्ष रोहतास भैणीभैरों, फतेह सिंह पंवार, पार्षद शैंकी गिरधर, वेदप्रकाश धवन, नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, किसान मोर्चा महम मंडल अध्यक्ष सत्यवीर श्योराण, मदन लाल, लवली, विजय सरपंच व नरेश ढाका समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भैंसरू कलां व खुर्द, गद्दी खेड़ी, ताजा माजरा पहुंची यात्रा

# अब तक 58 लाभार्थियों ने उठाया आयुष्मान-चिरायु योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा बृहस्पतिवार को भैंसरू कलां व खुर्द, गद्दी खेड़ी एवं ताजा माजरा पहुंची। अब तक यात्रा के दौरान गांवों के 3306 लाभार्थियों में से 58 लाभार्थियों ने 21 लाख रुपये से अधिक की धन राशि का स्वास्थ्य बीमा के तहत लाभ उठाया है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि भैंसरू कलां में 301 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। अब तक इस गांव में 25 पेंशन खुद बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 778 लाभार्थियों में से 10 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 3 लाख 22 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। भैंसरू खुर्द में 363 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 16 पेंशन खुद बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 801 लाभार्थियों में से 15 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 9 लाख 9 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। इसी तरह गद्दी खेड़ी गांव में 424 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। अब तक इस गांव में 21 पेंशन खुद बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1254 लाभार्थियों में से 29 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 7 लाख 96 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। ताजा माजरा गांव में 146 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 7 पेंशन खुद बनी हैं।



### सरकार की योजनाओं ने करोड़ों गरीब परिवारों को दिखाई नई रोशनी

**रोहतक।** मनीष कुमार ग्रोवर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड-6 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मुख्यअतिथि रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश व प्रदेश के करोड़ों गरीब परिवारों को नई रोशनी दिखाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीबों की चिंता की है और उनके जीवन को सुधारने के लिए न केवल योजनाएं बनाई बल्कि उन्हें धरातल पर लागू करने का भी काम किया। परिणाम स्वरूप करोड़ों गरीब परिवार गरीबी की रेखा से बाहर निकल आए।



### सरकार वंचितों को दिलवा रही है हक

**रोहतक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिला के गांव भैंसरू कलां व खुर्द में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में भाजपा वरिष्ठ नेता सतीश नांदल तथा सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र जून ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों को विकसित भारत का संकल्प दिलवाया गया।

### घर द्वार पर उपलब्ध हो रही सेवाएं

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं पलवल के प्रभारी डॉ. दिनेश घिलौड़ ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रशासन आपके द्वार तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर सामाजिक शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी संजय अहलावत, नरेन्द्र वत्स, उदयभान मलिक, एडवोकेट अंकित शर्मा, रमेश वत्स, जितेन्द्र भारद्वाज, अभिनंदन भारद्वाज, चन्द्रभान अत्री, सुखबीर, ऋषिपाल, अनुज कौशिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### देश को 2047 तक बनाना है विकसित

**रोहतक।** पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है ताकि कोई भी नागरिक भूखा न रहे। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर गद्दी खेड़ी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। ताजा माजरा में भी संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत, रेणु डाबला, एडवोकेट अनीता बुधवार व अन्य भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, अजय कुमार उर्फ अजय नरवाल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 324/28, प्लाट नं. 257, सुभाष नगर, रोहतक-124001 बयान करता हूं कि मेरी पुत्री आशिमा नरवाल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NOTICE**

I, RUPENDER S/o Jora Singh R/o VPO Bhali Annadpur (98), Tehsil & Distt. Rohtak (HR) declare that I have changed my son's name VISHAL to VISHAL BUDHWAR. In future my son may be known as VISHAL BUDHWAR for all purposes.

## खबर संक्षेप

### ट्रक से हजारों की चाय पत्ती चोरी

**सांपला।** कुलताना मार्ग पर सड़क पर खड़े ट्रक से अज्ञात व्यक्ति रात को हजारों की चाय पत्ती चोरी कर ले गए। पुलिस ने ट्रक चालक यूपी निवासी धर्मेंद्र की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। धर्मेंद्र का कहना है कि वह कुलताना मार्ग पर स्थित टाटा चाय की कंपनी में ट्रक में चाय पत्ती लेकर आ रहे थे। देर रात वह बाहर गाड़ी खड़ी कर गाड़ी में सो गए। पीछे से अज्ञात व्यक्ति ने तरपाल खोलकर पत्ती चोरी कर ली।

### सामाजिक बुराइयों के प्रति किया जागरूक

**सांपला।** कसरेंटी नारायण माडर्न पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को एक जागरूक शिविर लगाया गया। जिसमें मंडल बाल कल्याण अधिकारी अनिल मलिक ने विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों को प्रति जागरूक किया। उन्होंने बाल श्रम बाल, विवाह बाल हिंसा जैसी कुरीतियों के बारे में समझाया। अधिकारी ने कहा कि अगर आपके साथ कोई अहिंसा होती है तभी इस संबंध में तुरंत अपने परिवार को बताएं। उन्होंने विद्यार्थियों के शारीरिक मानसिक व स्वास्थ्य संबंधी भी जानकारी दी। स्कूल के प्राचार्य योगेश शर्मा ने अतिथि का स्वागत किया। स्कूल के निर्देश राज सिंह व रणदीप खत्री ने भी अपने विचार रखें।

### चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने की अध्यक्षता, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# जिप बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा, आठ जिला पार्षद नहीं पहुंचे, काम न होने पर जताया रोष

- चेयरमैन ने काम समय से करने के लिए अफसर को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा की अध्यक्षता में वीरवार को आयोजित साधारण बैठक में एजेंडा में शामिल सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जन प्रतिनिधियों के कार्र्रयोंर् को गंभीरता लें तथा इन्हें यथाशीघ्र पूर्ण करवाएं। मीटिंग जिला विकास भवन के डीआरडीओ हॉल में आयोजित की गई। चेयरपर्सन ने मीटिंग में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जन प्रतिनिधियों के कार्यों तथा आम जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। बैठक में गत अगस्त माह में आयोजित की गई बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा की गई। दूसरी ओर जिला परिषद की बैठक में जिला पार्षदों की नाराजगी जगजाहिर हो गई। बैठक का बहिष्कार करते हुए आठ जिला पार्षदों ने उक्त बैठक में न जाकर बहिष्कार कर दिया। 14 सदस्यों वाली जिला परिषद में चेयरपर्सन मंजू हुड्डा समेत कुल 6 पार्षद व अधिकारी मौजूद रहे। जबकि 8 पार्षदों ने विकास कार्यों के न होने का आरोप लगाया। एक निजी होटल में एकत्रित हुए जिला पार्षदों ने मीटिंग का बहिष्कार करने का फैसला लिया। जिला पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की अनदेखी व विकास कार्यों के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया। जो पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे उनमें वार्ड-7 से पार्षद सीमा भालौठ, वार्ड-14 से पार्षद सोनू पिलाना, वार्ड-11 से पार्षद दीपिका, वार्ड-8 से पार्षद धीरज मलिक खरावड़, वार्ड-13 से पार्षद सतीश कुमार, वार्ड-4 से पार्षद व जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल हुड्डा, वार्ड-1 से पार्षद अमित कुमार व वार्ड-2 से पार्षद पूजा रानी शामिल रहे।





**रोहतक।** आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार व बैठक में अधिकारी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि



**रोहतक।** एक होटल में बैठे जिला पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### ऐसे हुई कार्यवाही

गत 11 अगस्त को हुई मीटिंग के एजेंडों पर सर्वसम्मति जताते हुए सदन की कार्यवाही शुरू हुई। एक के बाद एक सभी एजेंडों की जानकारी देते हुए बताया गया कि विभिन्न वित्तीय मदों में वर्ष 2021-22, 2023, 2023-24 में कितना पैसा खर्च किया जा चुका है और कितना और किया जाना है। पिछली बैठकों के अनुसार पहले से निष्पादित विकास कार्यों की स्थिति के संबंध में कार्यकारी अभियंता द्वारा जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2023-23 का संशोधन के बारे में पार्षदों को अवगत करवाया गया। इसके अलावा जेडपीडीपी वित्तीय वर्ष 2023-24 का अपलोड करने की जानकारी हाउस को दी गई। फंड्स की उपलब्धता के आधार पर उप मुख्यमंत्री, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली, सांसद व विधानसभा सदस्य की अनुशंसा के अनुसार जिला परिषद द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों पर मुहर लगाई गई।

### सेंटर की स्कीमों पर की चर्चा

*समीक्षा फंडस के मुताबिक जन संवाद कार्यक्रम/पोर्टल के अनुसार जिला परिषद द्वारा किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि बजट के लिए सरकार को पत्र भेज दिया गया है। ई टेंडरिंग से करवाए जाने वाले कामों की की समीक्षा एवं प्रशासनिक स्वीकृति के बारे में सदन को बताया गया। 25 लाख रुपए तक के ऑफलाइन टेंडर प्रक्रिया से निष्पादित किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा और प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बारे में पार्षदों को अवगत करवाया गया। मनरेगा, पीएमएवाई, एसबीएमजी के तहत किए जाने वाले कार्यों की वर्ष विस्तृत रिपोर्ट सदन में रखी गई और पार्षदों ने इसे स्वीकृत कर दिया।*

### ये रहे मौजूद

मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष मलिक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेंद्र शर्मा, जिला परिषद के उपाध्यक्ष अनिल हुड्डा, पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता गजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला कल्याण अधिकारी रेणू सिसोदिया, जिला परिषद के सदस्यगण, पंचायत समितियों के पदाधिकारी व सदस्य तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच मौजूद रहे।

## पठानिया स्कूल में एक मिनट एक साथ गीता पाठ विषय पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. मारकंडे आहूजा, डॉ. अंजू आहूजा द्वारा सभी विद्यार्थियों को गीता जयंती के उपलक्ष्य में गीताज्ञान पर व्याख्यान दिया। उन्होंने गीतासार को समझाते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत गीता एक पुस्तक ही नहीं है, यह जिंदगी का सार है, जीवित ग्रंथ है। इसे प्रत्येक मनुष्य को पढ़ना व समझना चाहिए तथा अपने जीवन में गीता ज्ञान को धारण करना चाहिए, जिससे मनुष्य जीवन सफल हो। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी को गीता के कम से कम तीन श्लोक कंठस्थ करने की प्रेरणा दी। साथ ही ये भी कहा कि श्रीमद्भागवद गीता हमें जीवन को सही ढंग से जीने की कला सिखाती है। यह हमें धर्म-अधर्म से ऊपर उठकर सभी प्रकार के दुख, क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, मोह, लालच आदि बंधनों से मुक्त होने का ज्ञान देती है।



### गीता उपदेश का मंचन

डॉ. मारकंडे आहूजा व डॉ. अंजू आहूजा ने सभी के जीवन को गीता से जोड़ते हुए सदैव कर्त्तव्य पथ पर चलने की सीख दी। गीता के मुख्य उद्देश्य मैं, मेरा, तुम्हारा को 'हमारा' बनाने पर बल देते हुए 'हम एक बने, हम नेक बने' को समझाया। स्कूल के विद्यार्थियों ने गीता उपदेश का मंचन करते हुए श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए ज्ञान को दर्शाकर सभी का भावविभोर किया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, तनवी पठानिया उप-प्रधानाचार्या, प्रीति ढांडा ने उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्कूल समन्वयक कनिका मग्गू, स्कूल एक्टिविटी समन्वयक नीतू सेठी, आलोक हुड्डा, रीचा चोपड़ा आदि मौजूद रहे।



## जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की आयुषी ने दिल्ली में जीता स्वर्ण पदक

**रोहतक।** इंटरनेशनल पाइथियन काउंसिल के तत्वावधान में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 19 से 21 दिसंबर तक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस इवेंट पाइथियन गेम फेस्टिवल इंडिया में रोहतक के जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा आयुषी ने स्वर्ण पदक जीता है। यह पदक आयुषी ने 11 साल से कम उम्र की श्रेणी (वजन 24 किलोग्राम) में जीता। आयुषी शिव गोरख अकादमी में स्केटिंग का अभ्यास करती है। उनके कोच ललित कुमार उनके दादा बलराज दहिया और दादी संतोष दहिया ने आयुषी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## 96 लाख खर्च कर सुधारी जाएगी सड़क

- भैंसरू संमचाना के लोगों को मिलेगी कीचड़ से राहत

**सांपला।** गांव भैंसरू से संमचाना, मोरखेड़ी के लोगों को जल्द ही टूटी हुई सड़क से राहत मिलेगी। बृहस्पतिवार को बीजेपी के नेता सतीश नांदल ने नारियल तोड़कर सड़क निर्माण का उद्घाटन किया। उन्होंने विभाग अधिकारियों को कहा कि इस मार्ग का जल्द से जल्द निर्माण करें ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। इंटरलॉकिंग टायलों से इसका निर्माण किया जाएगा। जिस पर करीब 96 लाख खर्च होंगे। इसका निर्माण होने के बाद भैंसरू के अलावा समचाना व मोरखेड़ी के लोगों को भी परेशानी से राहत मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में गांव की कायाकल्प होगी। नांदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पद पर अगर सर है। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहा है, गरीबों के लिए राशन योजना चलाई जा रही है। इसके तहत राशन कार्ड धारकों को गेहूं , तेल चीनी आदि दिया जा रहा है। वे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भैंसरू कला व खुर्द में लोगों को संबोधित कर रहे थे। सरपंच पुनीत कुमार ने गांव की समस्याएं रखी। जिस पर मुख्य अतिथि ने जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसडीएम सुभाष चंद्र जून खंड़ शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा, जिला उपाध्यक्ष उदय भान मलिक, जितेंद्र कौशिक, ऋषिपाल, सरपंच सुखवीर सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



## श्रद्धा से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**रोहतक।** हरि मंदिर आदर्श नगरमें श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। वीरवार को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। साथ ही झांकियों का भी मंचन किया गया। वहीं भजनों पर भक्त भक्ति में लीन नजर आए। कथा व्यास साध्वी मुक्तानंद ने कहा कि जो तप या अनुष्ठान भगवान को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है उसका सकारात्मक प्रभाव प्राप्त होता है। कथा व्यास ने प्रहलाद भक्त के चरित्र का भी वर्णन किया। उसकी अटूट भक्ति के बारे में बताया। इस अवसर पर गुलशन सुनेजा, राजू जुनेजा, राजेंद्र सेतिया, भोलानाथ शर्मा, सतीश सुनेजा आदि मौजूद रहे।

### बैटरी चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने बैटरी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। थाना प्रभारी लाखनमाजरा ने बताया कि रामगोपाल निवासी सतीश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि सतीश ने चांदी के अड्डे पर खाद बीज की दुकान कर रखी है। 17 दिसंबर को अज्ञात युवक सतीश की दुकान पर खडे ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 20 दिसंबर को आरोपी मोहन उर्फ काला निवासी असरफगढ जिला जींद को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त आरोपी से चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी ने थाना शहर रोहतक के एरिया से मोटरसाइकिल व जिला जींद के एरिया से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


# आज से गीता जयंती महोत्सव शुरू, गीता सार पर होगा सेमिनार, 23 को निकलेगी शोभायात्रा

- पूर्व सहकारिता मंत्री गीता जयंती महोत्सव का करेंगे शुभारंभ
- पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आज से सोनीपत रोड स्थित पंडित श्री राम रंगशाला में गीता जयंती महोत्सव शुरू होगा। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर सुबह 11 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन कर दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

सुबह हवन यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। प्रशासन द्वारा गीता जयंती महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि 22 दिसंबर को महोत्सव में जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगाई जाएंगी, जिसमें प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश, गीता पर आधारित विभिन्न महापुरुषों के वक्तव्य, गीता सार के अलावा विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के स्टॉल शामिल होंगे। इस दौरान गीता सार पर सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। स्कूली विद्यार्थियों तथा सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अनुबंधित कलाकार गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।



### नगर शोभायात्रा कल

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे वैश्विक गीता श्लोक उच्चारण, नगर शोभा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दीपोत्सव आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा होंगे तथा जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा विशिष्ट अतिथि होंगी।



## खेल मैदान की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में प्राचार्या इंदु सपरा के नेतृत्व में सभी स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान का कार्य किया गया। श्रम दान कार्यक्रम के पहले दिन महाविद्यालय परिसर के खेल मैदान की सफाई की गई, जिसमें जंगली घास और खरपतवार को साफ किया गया। महाविद्यालय में श्रमदान कार्य 22 दिसंबर को भी किया जाएगा। प्राचार्या ने विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को श्रमदान के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने व इसे क्रियात्मक रूप देने की बात कही।

### एक्टिवा चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने एक्टिवा चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी पुरानी सब्जी मंडी निरीक्षक सत्यपाल ने बताया कि सल्लारा मौहल्ला निवासी सुनील की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 15 दिसंबर को सुनील अपनी एक्टिवा को निक्कू आटा चक्की के सामने खड़ा कर पैदल-2 झुला चौक की तरफ चला गया। वापिस आने पर सुनील को अपनी एक्टिवा नहीं मिली। जांच के दौरान 20 दिसंबर को आरोपी मनोज निवासी पीर वाली गली डेयरी मौहल्ला को गिरफ्तार किया गया है।

## एटीएम कार्ड चोरी कर 60 हजार रुपये निकालने के मामले में आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने एटीएम कार्ड चोरी कर एटीएम से 60 हजार रुपये निकालने की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। उसके बाद आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी शिवाजी कॉलोनी प्रदीप दहिया ने बताया कि सुनारिया कला निवासी श्रीभगवान की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया।

जांच में सामने आया कि 28 अगस्त को श्रीभगवान ने अपने एटीएम से पांच हजार रुपया निकाले थे, जिसके बाद श्रीभगवान के खाते में करीब 62 हजार रह गए। श्रीभगवान ने एटीएम से पैसे निकालने के लिए अपने बेटे को एटीएम कार्ड दिया। श्रीभगवान के खाते में 1816 रुपये मिले। श्रीभगवान के खाते से 60 हजार रुपये निकले हुए मिले। जांच के दौरान 19 दिसंबर को आरोपी सागर निवासी गामटान जिला झज्जर हाल किराएदार सुनारिया कला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने श्रीभगवान का एटीएम कार्ड चोरी कर एटीएम से पैसे निकालकर एटीएम को वापिस उसी जगह पर रख दिया था। आरोपी से एटीएम से निकाले गए रुपयों में से 45000 रुपये बरामद हुए है।



### आर्य स्कूल फरमाणा का वार्षिक समारोह कल

*महम। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरमाणा का 30वां वार्षिक समारोह शनिवार 23 दिसंबर को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। स्कूल की प्रिंसिपल निर्मला सहारण व स्कूल के डायरेक्टर सत्यवीर सिंह ने बताया कि पीजीआईएमएस रोहतक से न्यूरोलोजिस्ट डॉक्टर नीरज कुमार, डीसीएच रोहतक से कन्सलटेंट सर्जन डॉक्टर मनीष रोहिला और कृषि विभाग की एडीओ मोनिका पाराशर समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।*

# शिक्षा से ही संवर सकता है बच्चों का भविष्य : मान

- माइक्रोन पृथ्वी फाउंडेशन ने अभिनव टोली में आकर बच्चों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

माइक्रोन पृथ्वी फाउंडेशन की टीम वीरवार को किशनपुरा स्थित अभिनव टोली पहुंची और बच्चों को जीवन मूल्यों की शिक्षा दी। फाउंडेशन के सचिव कर्नल एसएस मान ने बच्चों को समझाया कि शिक्षा ही वह जरिया है, जिसके माध्यम से वे अपना जीवन सुधार सकते हैं। यहां सिखाया जा रहा सत्य, निष्ठा और ईमानदारी का पाठ उनके चरित्र निर्माण में अहम योगदान देगा। उन्होंने फाउंडेशन के प्रधान समाजसेवी व उद्योगपति रमेश विग के पोते कणव विग के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों को रिफ्रेशमेंट बांटी। अभिनव टोली के संचालक जगदीप जुगनू ने बताया कि यहां जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षण और प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, काजल, राधा, शालिनी, नंदिनी, ऋचा, प्रिया, रागिनी आदि मौजूद रहे।

